## दिनांक-12.11.2025 को नवीन सभागार, कानपुर नगर में आयोजित हुई सी0एम0 डैशबोर्ड (विकास कार्यो) की आयोजित हुई समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त-

दिनांक-12.11.2025 के अपराहनं 5.00 बजे से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड (दर्पन पोर्टल) पर दर्शित विकास कार्यो से सम्बंधित योजनाओं/कार्यक्रमों/ सेवाओं/परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में विकास कार्यो से सम्बंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत है-

➢ <u>विकास कार्यो की जनपदीय रैंकिंग एवं योजनावार प्राप्त ग्रेड-</u>

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर, 25 की अनुश्रवण पुस्तिका में जनपद कानपुर नगर को विकास कर्यो में 18वीं रैंक प्राप्त हुई है, जबकि माह सितम्बर,25 में 26वीं रैंक प्राप्त हुई थी, अर्थात माह की रैंक में 8 रैंक का सुधार हुआ है, वही अनुश्रवण पुस्तिका में कुल 87 प्रोजेक्ट्स समीक्षा हेतु दर्शित है, जिसमें ग्रेड **D** में कोई प्रोजेक्ट सम्मिलित नहीं है, जबकि ग्रेड **C** में **09**, ग्रेड **B** में **07** एवं ग्रेड **A** में **60** प्रोजेक्ट्स सम्मिलित है, कुल 11 प्रोजेक्ट्स की रैंकिंग नहीं हुई है।

➢ <u>माह अक्टूबर, 25 की अनुश्रवण पुस्तिका में नए प्रोजेक्ट्स</u>-

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर, 25 की अनुश्रवण पुस्तिका में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से सम्बंधित **'समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओ'** सहित चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की **'जननी सुरक्षा योजना के लाभ'**, मत्स्य विभाग की **'प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा'**, महिला एवं बाल्य विकास (ICDS) विभाग की **'पोषण अभियान'**, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग की **'मुख्य मंत्री युवा उद्यमी अभियान'**, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की **'सिल्ट सफाई (रबी फसल वर्ष)'** कुल 15 नयी योजनाए समीक्षा हेतु जोड़ी गयी है, जिसमें चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की जननी सुरक्षा योजना के लाभ एवं समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित जनजाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) योजना को रैंकिंग में सम्मिलित नहीं किया गया है, जिसकी आगामी माह में रैंकिंग में सम्मिलित किये जाने की सम्भावना है।

पूर्व सूचना उपलब्ध कराए जाने के बावजूद समीक्षा बैठक में उपायुक्त उद्योग, जिला पिछड़ा वर्ग एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समय से उपस्थित नहीं हुए, जिसके लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा समीक्षा में अवगत कराया गया कि विभाग/शासन द्वारा 02 **K.P.I.** निर्धारित किये गये है, जिसमें विरोधभास है, जिसमें संशोधन किये जाने की आवश्यकता है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालय स्तर पर उपलब्ध आवेदनों का शत-प्रतिशत आवेदनों का निस्तारण कर लिया गया है, जबकि राजकीय/निजी संस्थानों के स्तर से किये गये आवेदन लंबित है, जिसका निस्तारण किया जाना शेष है।

उपायुक्त उद्योग, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य मंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना को माह अक्टूबर, 25 में ग्रेड **A** एवं **10** अंक प्राप्त हुए है, माह अक्टूबर, 25 के अंतिम सप्ताह में पोर्टल के क्रियाशील न होने के कारण अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं की जा सकी है, जिसे माह नवम्बर,25 में प्राप्त कर लिया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले लाभ की प्रगति का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है।

निर्देश-

- **समस्त सम्बंधित अधिकारी समीक्षा बैठक हेतु निर्धारित समय-सीमा से 10 मिनट पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें, समीक्षा बैठकों में बिना कारण देर से आने, अपने स्थान पर प्रतिस्थानी को भेजने की प्रवृत्ति समाप्त किया जाए।**
- **जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा** K.P.I. **में वांछित संशोधन हेतु पत्रालेख प्रस्तुत किया जाए एवं दिनांक-13.11.25 को सबसे अधिक आवेदनों वाले 25 राजकीय/निजी शिक्षण संस्थानों का दौरा कर शिक्षण संस्थानवार मंतव्य सहित नोट दिनांक-13.11.25 की रात्रि तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।**
- **दिनांक-20.11.25 तक दशमोत्तर छात्रवृत्ति सम्बन्धी लंबित समस्त प्रकरणों का निस्तारण अनिवार्य रूप से करा लिए जाए।**
- **समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति योजना में संतोषजनक उपलब्धि/प्राप्ति न होने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हुई है, फलतः समस्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण 20 नवम्बर,25 तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।**
- **उपायुक्त उद्योग दिनांक-13.11.25 को सबसे अधिक प्रकरणों वाले 05 बैंक का दौरा करेंगे एवं उनके शाखा प्रबंधक से जिलाधिकारी महोदय की वार्ता कराएंगे साथ ही कृत कार्यवाही से मंतव्य सहित बैंकवार नोट प्रस्तुत करेंगे।**

**(कार्यवाही-जिला समाज/अल्पसंख्यक/पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/ उपायुक्त उद्योग/ मुख्य चिकित्साधिकारी)।**

➢ <u>आगामी माह/माहो में अनुश्रवण पुस्तिका में नये प्रोजेक्ट्स का जोड़ा जाना-</u>

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आगामी माह/माहों में बेसिक शिक्षा विभाग की **"टीचर एटेंडेस"**, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की **"परिवार नियोजन कार्यक्रम"**, **"पी.एम. जे. ए. वाई. के अंतर्गत कुल रजिस्टर्ड के सापेक्ष गोल्डेन कार्ड धारक"**, **"कुल क्लेम के सापेक्ष हुए भुगतान"**, **"एफ.आर.यू."** की समीक्षा हेतु योजनाए विकास कार्य की अनुश्रवण पुस्तिका में सम्मिलित किये जायेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय योजनाओं का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है।

निर्देश-

- **आगामी माह/माहों में समीक्षा हेतु सम्मिलित होने वाली संभावित योजनाओं एवं वर्तमान माह में रैंकिंग में सम्मिलित न हुए योजनाओं का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए इन योजनाओं की किसी भी दशा में श्रेणी ग्रेड "A" से कम नहीं होनी चाहिए।**

**(कार्यवाही- समस्त सम्बंधित विभागीय अधिकारी)**

➢ **डे एन.आर.एल.एम- आर.एफ./सी.आई.एफ. (ग्राम्य विकास विभाग)-**

माह अक्टूबर, 25 में इस योजना को ग्रेड C एवं मात्र 3 अंक प्राप्त हुए है। योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में आर.एफ. दिए जाने के कुल लक्ष्य 638 के सापेक्ष 140 समूहों को आर.एफ. प्रदान किया गया है, जिसका प्रतिशत 21.94 है, वही सी.आई.एफ. के अंतर्गत कुल लक्षित 748 समूहों के सापेक्ष 425 समूहों को सी.आई.एफ. प्रदान किया गया है, जोकि प्रगति का 56.82 प्रतिशत है।

समीक्षा में अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में समूहों को वितरण/भुगतान हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण अपेक्षित प्रगति नहीं प्राप्त हो पायी है (औरैया सहित अन्य जनपदों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि इन जनपदों में विगत वित्तीय वर्ष की धनराशि अवशेष थी, जिसका वितरण/भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप अन्य जनपदों में प्रगति दर्शित हो रही है)।

**निर्देश- योजना का सतत अनुश्रवण कर नियमानुसार अपेक्षित प्रगति लाया जाना सुनिश्चित किया जाए।**

**(कार्यवाही- उपायुक्त स्वतः/रोजगार)**

➢ **पर ड्राप मोर क्रॉप-माइक्रोइरीगेशन (उद्यान विभाग)-**

माह अक्टूबर, 25 में इस योजना को ग्रेड B एवं 7 अंक प्राप्त हुए है, गत माह इस योजना को ग्रेड A एवं 10 अंक प्राप्त हुए थे। प्रगति में गिरावट के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर, 25 में निदेशालय स्तर से 01 आवेदन निरस्त कर दिया गया था, जिसकी पूर्व सूचना जनपद स्तर पर उपलब्ध नहीं करायी गयी, जिसके फलस्वरूप योजना को ग्रेड B एवं 7 अंक प्राप्त हुए है।

**निर्देश- योजना का सतत अनुश्रवण किया जाए, लंबित आवेदनों/प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।**

**(कार्यवाही- जिला उद्यान अधिकारी)**

➢ **जल जीवन मिशन- हर घर जल (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)-**

माह अक्टूबर, 25 में इस योजना को ग्रेड B एवं 7 अंक प्राप्त हुए है, प्रगति का प्रतिशत 95.85 है, गत माह जल संयोजनों की प्रगति का प्रतिशत 95.80 था अर्थात अर्थात गत माह सितम्बर, 25 की अपेक्षा माह अक्टूबर, 25 में मात्र 0.5 प्रतिशत जल संयोजनों में प्रगति हुई है।

धीमी प्रगति के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि व्यय हेतु धनराशि उपलब्ध न होने के फलस्वरूप जल संयोजनों की प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**निर्देश- जल संयोजनों की प्रगति बढाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए योजना का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए।**

**(कार्यवाही- अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण))**

➢ **फैमिली आई0डी0 (एक परिवार-एक पहचान)- (जनशक्ति प्रभाग, नियोजन विभाग)-**

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर द्वारा अवगत कराया गया कि शासन स्तर से निर्धारित कुल स्वीकृत आवेदनों के लक्ष्य 69,353 के सापेक्ष दिनांक-12.11.25 के पूर्वाहनं तक कुल 55,723 (नये राशन कार्ड सहित) आवेदन स्वीकृत हो चुके है, जोकि कुल लक्ष्य का 80.34 प्रतिशत है।

विभागीय योजनाओं के अंतर्गत किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों के निर्धारित कुल लक्ष्य 36,495 के सापेक्ष 16045 आवेदन स्वीकृत हुए है जोकि कुल लक्ष्य का 43.96 प्रतिशत है, अन्य योजनाओं में मनरेगा के अंतर्गत निर्धारित कुल लक्ष्य 13,578 के सापेक्ष 4583 आवेदन स्वीकृत हुए है, जोकि कुल लक्ष्य का 33.75 प्रतिशत है।

वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत निर्धारित कुल लक्ष्य क्रमश: 13729, 7029 एवं 4179 के सापेक्ष क्रमश: 4263, 2448 एवं 2169 आवेदन स्वीकृत हुए है, जोकि कुल लक्ष्य का क्रमश: 31.05, 34.83 एवं 51.90 प्रतिशत है।

समीक्षा में यह भी अवगत कराया गया माह नवम्बर,25 में फैमिली बनाये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खंडो के स्तर से प्रतिदिन 700 एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन 400 नए आवेदन किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**निर्देश- सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागीय योजना के लक्ष्य को संतृप्त करने हेतु कार्य योजना तैयार कर माह-नवम्बर के अंत तक शत-प्रतिशत प्राप्ति करना सुनिश्चित करें।**

**(कार्यवाही- समस्त खंड विकास अधिकारी/अपर नगर आयुक्त, नगर निगम/उप कृषि निदेशक/ उपायुक्त श्रम/रोजगार/ जिला समाज/दिव्यांगजन कल्याण/प्रोबेशन अधिकारी)**

**(दीक्षा जैन)**
मुख्य विकास अधिकारी,
कानपुर नगर।

## कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर।

पत्रांक: /सी0एम0-डैशबोर्ड-52/2023-24 दिनांक- /11/2025

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
2- जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
3- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर।
4- समस्त सम्बंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त में दिए गये निर्देशों की अनुपालन आंख्या 01 सप्ताह में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराए।

मुख्य विकास अधिकारी,
कानपुर नगर।

● विभागीय योजनाओं के अंतर्गत किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों के निर्धारित कुल लक्ष्य 36,495 के सापेक्ष 16045 आवेदन स्वीकृत हुए है जोकि कुल लक्ष्य का 43.96 प्रतिशत है, अन्य योजनाओं में मनरेगा के अंतर्गत निर्धारित कुल लक्ष्य 13,578 के सापेक्ष 4583 आवेदन स्वीकृत हुए है, जोकि कुल लक्ष्य का 33.75 प्रतिशत है।

वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत निर्धारित कुल लक्ष्य क्रमशः 13729, 7029 एवं 4179 के सापेक्ष क्रमशः 4263, 2448 एवं 2169 आवेदन स्वीकृत हुए है, जोकि कुल लक्ष्य का क्रमशः 31.05, 34.83 एवं 51.90 प्रतिशत है।

समीक्षा में यह भी अवगत कराया गया माह नवम्बर,25 में फैमिली बनाये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खंडो के स्तर से प्रतिदिन 700 एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन 400 नए आवेदन किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**निर्देश- सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागीय योजना के लक्ष्य को संतृप्त करने हेतु कार्य योजना तैयार कर माह-नवम्बर के अंत तक शत-प्रतिशत प्राप्ति करना सुनिश्चित करें।**

**(कार्यवाही- समस्त खंड विकास अधिकारी/अपर नगर आयुक्त, नगर निगम/उप कृषि निदेशक/ उपायुक्त श्रम/रोजगार/ जिला समाज/दिव्यांगजन कल्याण/प्रोबेशन अधिकारी)**

**(दीक्षा जैन)**
मुख्य विकास अधिकारी,
कानपुर नगर।

<u>कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर।</u>

पत्रांक:1297 /सी0एम0-डैशबोर्ड-52/2023-24 दिनांक-18 /11/2025

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
2- जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
3- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर।
4- समस्त सम्बंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त में दिए गये निर्देशों की अनुपालन आंख्या 01 सप्ताह में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराए।

मुख्य विकास अधिकारी,
कानपुर नगर।